प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 24.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लंदन में नवीन जिंदल समूह के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात, राज्य में सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर बनी सहमति।**
2. **पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने चाईबासा में की नक्सल अभियान की समीक्षा, अभियान को बताया सफल, नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील।**
3. **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू गिरिडीह में जी राम जी जन जागरण सम्मेलन में हुए शामिल, योजना को लेकर कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप।**
4. **झारखंड समेत देशभर में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर खास और आम सभी ने बेटियों के समग्र विकास का लिया संकल्प, बालिकाओं को बताया समाज की शक्ति और प्रगति का आधार।**
5. **राष्ट्रीय स्कूली बैंड प्रतियोगिता में पाइप बैंड के दोनों वर्गों में झारखंड बना चैंपियन, बालक वर्ग के ब्रास बैंड में हासिल किया तीसरा स्थान।**

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लंदन प्रवास के दौरान नवीन जिंदल समूह के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान इस्पात, स्वच्छ ऊर्जा, कौशल प्रशिक्षण और सतत विकास जैसे विषयों पर विशेष रूप से बातचीत हुई और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति बनी।

****

पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने आज चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन मेघाबुरू की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस महानिदेशक ने अभियान में शामिल जवानों को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया।

प्रेसवार्ता के दौरान सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान सत्रह नक्सलियों के शव और घातक हथियार भी बरामद किये गये हैं।

****

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू आज गिरिडीह के सांगठनिक प्रवास पर हैं। अपने दौरे के क्रम में श्री साहू ने गिरिडीह में जी राम जी जन जागरण सम्मेलन में शिरकत की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने योजना को लेकर कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना के तहत केन्द्र सरकार ने एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गांरटी प्रदान की है।

****

झारखंड समेत देशभर में कल 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करेंगी। इधर रांची के आर्यभट्ट सभागार में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय रोजगार मेला के 18वें संस्करण में वर्चुअल माध्यम से 61 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। झारखंड समेत देश के पैंतालीस स्थानों पर आयोजित इस मेले के दौरान प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन और सशक्त युवा पर बल दिया। हजारीबाग के मेरू स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया।

इधर रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र में सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

****

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने दो दिवसीय रांची प्रवास के क्रम में आज जनजातीय संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने जनजातीय समाज के समग्र उत्थान और राष्ट्र निर्माण की दिशा में संघ के सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा की चर्चा की। उन्होंने समाज की बेहतरी के लिए सामूहिक प्रयास पर भी बल दिया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। आकाशवाणी पर पीएम के इस लोकप्रिय कार्यक्रम की यह 130वीं कड़ी होगी और साल का पहला संस्करण होगा। दूरदर्शन और आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रधानमंत्री के इस लोकप्रिय कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वरयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

****

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आज झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित हुए और लोगों ने बेटियों के समग्र विकास का संकल्प लिया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बालिकाओं को समाज की शक्ति और प्रगति का आधार बताया है।

****

नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता के पाइप बैंड के दोनों वर्गों में झारखंड विजेता बना है, जबकि ब्रास बैंड में बालक वर्ग ने तीसरा स्थान हासिल किया। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के बैंड समन्वयक चंद्रदेव सिंह ने बताया कि पाइप बैंड की बालिका वर्ग में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांके, जबकि बालक वर्ग में केरली स्कूल धुर्वा की टीम विजयी रही। वहीं ब्रास बैंड के बालक वर्ग में संत जेवियर स्कूल लुपुंगगुटू चाईबासा की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पुरस्कृत किया।

********समाप्त*********